प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.10.2023 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा महाभियान का नेतृत्व किया। वे फिटनेस प्रशिक्षक अंकित बैयानपुरिया के साथ सफाई अभियान में शामिल हुए। श्री मोदी ने अंकित से बातचीत की और शारीरिक सौष्ठव बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने सफाई अभियान के दौरान हुई इस बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। इधर, स्वच्छता के लिए एक तारीख एक घंटा एक साथ के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आज देश भर में लोगों ने भागीदारी की। श्री मोदी ने महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आज सुबह 10 बजे स्वच्छता अभियान के लिए नागरिकों से एक घंटे के श्रमदान की अपील की थी।

****

जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की ओर से पहाड़ी मंदिर परिसर में आज विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा हिस्सा लिया। इधर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रांची रेल मंडल की ओर से विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आज रांची नगर निगम की ओर से 160 स्थानों पर विशेष साफ–सफाई अभियान चलाया गया।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने वर्तमान सरकार पर लूट के रास्ते राज्य की पूरी ब्यूरोक्रेसी की साख को दांव पर लगाने का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने कहा है कि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन के बाद कई और वरीय आईएएस और आईपीएस अधिकारी भ्रष्टाचार के मामलों में फंसने वाले हैं।

****

आज से ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाज़ी, कैसिनो, जुआ खेलने, घुड़दौड़ और लॉटरी पर वस्तु और सेवाकर यानी जीएसटी की दर बढ़कर 28 प्रतिशत हो गई है। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इन सेवाओं पर जीएसटी दर बढ़ाने का फैसला इस वर्ष अगस्त में जीएसटी परिषद् की 51वीं बैठक में लिया गया था।

****

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आरबीआई ने दो हजार रुपए के नोट बैंक में जमा करने या दूसरे नोटों से बदलने की तारीख सात अक्टूबर तक बढ़ा दी है। आरबीआई ने सर्कुलर जारी कर कहा कि नोट बदलने की तय समय सीमा खत्म होने के बाद समीक्षा के आधार पर दो हजार रुपए के नोट को जमा और बदलने की मौजूदा व्यवस्था को इस वर्ष सात अक्टूबर तक बढ़ाने का फैसला किया गया है।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में कल मांस–मछली की दुकानें बंद रहेंगी। इस संबंध में रांची नगर निगम के अपर प्रशासक कुंअर सिंह पाहन समेत राज्यभर के नगर निगम के प्रशासकों और नगर पंचायत प्रशासकों ने इश्तेहार जारी कर निर्देश दिया है कि मांस–मछली का क्रय–विक्रय पूरी तरह से बंद रहेगा और वधशालाएं बंद रहेंगी।

****

सेना प्रशिक्षण कमान का आज 33वां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर जनरल ऑफिसर कामांडिंग–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एस. एस. महाल ने कमान से जुड़े सभी कर्मियों और उनके परिवारजनों को बधाई दी है।

****

गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता सेवा अभियान को लेकर हजारीबाग जिले में उत्साह का माहौल देखा गया।

लातेहार जिला स्थित बेतला नेशनल पार्क तीन माह बाद आज से पर्यटकों के लिए खुल गया है। निर्धारित समय सारिणी के अनुसार पर्यटक पार्क घूम सकते हैं। मानसून में वन्यजीवों के प्रजननकाल होने के कारण पहली जुलाई से पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी।

****

उत्तर पूर्वी बंगाल में बने निम्न दबाव के कारण पोस्ट मॉनसून की बारिश झारखंड में हो रही है। राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में कल से ही लगातार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है।

*********** समाप्त ***********